भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 500
उत्तर देने की तारीख 06 दिसम्बर, 2023

बीएसएनएल एवं एमटीएनएल नेटवर्क

500. श्री संजय जाधव:
श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:
श्री विनायक भाऊराव राऊत:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के नेटवर्कों की स्थिति बहुत खराब है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा उक्त स्थिति में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या सार्वजनिक संचार प्रणाली में बीएसएनएल और एमटीएनएल पतन के कगार पर हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के खराब कार्य-निष्पादन के कारण सार्वजनिक संचार प्रणाली प्रभावित हो रही है;
(ड.) यदि हां, तो विगत दस वर्षों के दौरान बीएसएनएल और एमटीएनएल को हुए घाटे के आंकड़ों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(च) सरकार द्वारा बीएसएनएल और एमटीएनएल को सुदृढ़ बनाने के लिए कौन-कौन से विभिन्न प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं; और
(छ) सरकार द्वारा इस संबंध में स्थायी समाधान के लिए उठाए गए समुचित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (छ) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई मोबाइल और लैंडलाइन सेवाएं संतोषजनक रूप से कार्य कर रही हैं और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की कार्य-निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार अधिकतर सेवा गुणवत्ता (क्यूओएस) मापदंडों को पूरा कर रही हैं।

वर्ष 2019 में 69,021 करोड़ रूपए की राशि के पुनरूद्धार पैकेज से बीएसएनएल/एमटीएनएल की प्रचलनात्मक लागतों में कटौती की गई थी। वर्ष 2022 के 1.64 लाख करोड़ रूपए की राशि के पुनरूद्धार पैकेज का फोकस नया पूंजी निवेश करने, ऋण का पुनगर्ठन करने, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण करने आदि पर था।

इसके परिणामस्वरूप, बीएसएनएल ने वर्ष 2020-21 से प्रचलनात्मक लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है।

इसके अलावा, आत्मनिर्भर पहल के अनुसरण में, बीएसएनएल ने स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी की संस्थापना के लिए एक लाख साइट के लिए क्रय आदेश दिया है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान बीएसएनएल और एमटीएनएल द्वारा वहन किए गए लाभ/हानि का विवरण निम्नलिखित है:

रूपए करोड़ में

वित्त वर्ष	**बीएसएनएल**		**एमटीएनएल**	
	निवल लाभ/(हानि)	इबीआईटीडीए लाभ/(हानि)	निवल लाभ/(हानि)	इबीआईटीडीए लाभ/(हानि)
2013-14	(7,019)	(691)	7825.13	(527.15)
2014-15	(8,234)	673	(2,893.39)	(304.20)
2015-16	(4,859)	2,931	(2,005.74)	(420.77)
2016-17	(4,793)	1,684	(2,970.57)	(409.35)
2017-18	(7,993)	(2,858)	(2,970.65)	(439.29)
2018-19	(14,904)	(8,341)	(3,397.58)	(703.31)
2019-20	(15,500)	(6,879)	(3,811.00)	(782.20)
2020-21	(7,441)	1,177	(2,454.24)	524.92
2021-22	(6,982)	944	(2,616.57)	295.87
2022-23	(8,161)	1,559	(2,915.22)	160.04

****